भारतीय स्टेट बैंक
प्रशासनिक कार्यालय, भागलपुर
आवश्यक सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की भारतीय स्टेट बैंक, प्रशासनिक कार्यालय, भागलपुर के लिए 1 (एक) नई वातानुकूलित मध्यम आकार की SUV वाहन की आवयश्कता है।

इच्छुक व्यक्ति / कंपनी अपना आवेदन निम्नांकित विवरणों के साथ दिनांक 01.10.2024, शाम पांच बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें ।

1. वांछित मासिक किराया (शुरूआती 2200 किलोमीटर के लिए कोई इंधन खर्च देय नहीं होगा) ।
2. ईंधन खपत ब्योरा (किलोमीटर प्रति लीटर) ।
3. रात्रि कालीन उपयोग शुल्क / प्रभार चालक को देय होगा ।
4. उल्लेखित वाहन छः (6) माह से अधिक पुराना न हो ।

आवेदन मुहरबंद लिफाफे में जिसके ऊपर "वाहन हेतु आवेदन पत्र" लिखा हो, अपना नाम,पता, मोबाइल नंबर ,पहचान पत्र (KYC) के साथ जमा करना सुनिश्चित करना होगा ।

इस सन्दर्भ में ज्ञात्वय है कि वाहन का व्यावसायिक रूप से निबंधित होना आवश्यक है। बैंक के साथ अनुबंध की अवधि 3 वर्षो की होगी। वाहन-चालक (जो बैंक अधिकारी के नियंत्रण में होगा) का मासिक भत्ता, कार के रख-रखाव, मोबिल, इंश्योरेंश, रोड-टैक्स, प्रदुषण सर्टिफिकेट आदि के खर्च का वहन वाहन मालिक को ही करना होगा। इस संदर्भ में यह भी सूचित करना है कि केवल स्थानीय भागलपुर क्षेत्र में संचालित कंपनी/वाहन मालिक (स्थानीय निवासी) ही निविदा में भाग ले सकते हैं।

विदित हो कि वर्तमान भेंडर को इस निविदा में भाग लेने का अधिकार नहीं है, जिसका मुख्य कारण उनकी सेवा संतोषप्रद नहीं रही है।

ज्ञात रहे, कि बिना कोई कारण बताये वाहन के चयन / निरस्तीकरण करने का अधिकार इस कार्यालय का होगा तथा कार्यालय का फैसला अंतिम, मान्य व प्रत्येक पक्ष के लिए बाध्यकारी होगा।

दिनांक: 24.09.2024 **मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन & प्रशासन)**